# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*******************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री शाह ने कहा कि यह पोर्टल सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज मंत्रिपरिषद की बैठक बुलायी है। बैठक 4 बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने यह जानकारी दी है। साल की पहली कैबिनेट की बैठक में राज्यहित में कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं।

*******************

कर्नाटक और गुजरात में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस–एचएमपीवी की पुष्टि के बाद झारखंड में भी सतर्कता बरतने को कहा गया है। इस सिलसिले में स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने राज्य के सभी सिविल सर्जन के साथ ऑनलाइन बैठक की और इस वायरस से बचाव के लिए एहतियाति कदम उठाने का निर्देश दिया। रांची स्थित रिम्स के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर मनोज कुमार ने भी तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये।

*******************

इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस–एचएमपीवी जनता के लिए चिंता का कोई कारण नहीं है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक वचुर्अल बैठक के दौरान स्वास्थ्य सचिव ने भारत में श्वसन संबंधी बीमारियों की वर्तमान स्थिति और उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के साथ–साथ एचएमपीवी मामलों की स्थिति की समीक्षा की। सचिव ने राज्यों को इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण की निगरानी को मजबूत करने की सलाह दी है।

*******************

आज भी खूंटी जिला के जरियागढ में पीट–पीट कर पौराणिक तरीके से कांसा का बर्त्तन बनाया जाता है।

*******************

केंद्र सरकार ने डुमरी– देवघर नेशनल हाइवे नंबर एक सौ चौदह–ए को चार लेन बनाने की मंजूरी दे दी है। दो हजार तीन सौ करोड़ की लागत से ये नेशनल हाइवे बनेगा। इस योजना के तहत गिरीडीह, मधुपुर, सारठ और सारवां में बाईपास का भी निर्माण कराया जायेगा। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने यह जानकारी देते हुए बतया कि नेशनल हाईवे के निर्माण से देवघर एयरपोर्ट से जैनों का सबसे बड़ा आध्यात्मिक तीर्थस्थल सम्मेद शिखर जी यानि पारसनाथ की दूरी केवल एक घंटे में तय होगी जबकि देवघर से रांची केवल 3 घंटे में पहुंचा जा सकेगा।

*******************

राज्य में पड़ रही सर्दी और घने कोहरे के कारण रेल और विमान सेवा प्रभावित हुई है। पिछले 24 घंटे के दौरान आठ ट्रेन रांची और हटिया देर से पहुंची। कोहरे का असर हवाई यात्रा पर भी पड़ रहा है। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भुवनेश्वर और कोलकाता की विमान सेवा कल दो से तीन घंटे लेट रही। इसके कारण विमान यात्रियों को काफी परेशानी हुई। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य में घना कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों की तरफ से आ रही ठंडी हवाओं के कारण राज्य के न्यूनतम तापमान में और गिरावट आयेगी। इससे ठंड का प्रकोप एक बार फिर बढ़ने की संभावना है।

********************

रांची में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में आज खिलाड़ियों के बीच कई स्पर्द्धाएं होंगी। आज की स्पर्द्धाओं के लिए 26 स्वर्ण पदक दांव पर हैं। इससे पहले कल झारखंड के खाते में दो स्वर्ण पदक आये। इसमें एक स्वर्ण पदक बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में साकेत मिंज ने हासिल किया जबकि दूसरा स्वर्ण पदक बालिका वर्ग के लांग जंप में प्रीति लकड़ा ने जीता।